nt>
Title: Need to accept the demands of Group `C' and `D' employees of Government Hospitals in Delhi to call off strike.

श्री मोतीलाल वोरा (राजनांदगांव): माननीय सभापति महोदय, दिल्ली के सरकारी अस्पतालों के ग्रुप 'सी' और 'डी' के ७०,००० से अधिक कर्मचारियों की हड़ताल के कारण चिकित्सा सेवाएं ठप्प हो गई है। कर्मचारी अपनी मांगों के समर्थन में २४ जुलाई तक हड़ताल पर रहेंगे। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे २५ जुलाई, १९९८ से अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। हड़ताल के कारण दुर्घटनाओं के शिकार व्यक्तियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पतालों में सफाई कर्मचारियों के हड़ताल पर रहने के कारण वार्डों में खून लगी पट्टियां, पेशाब की थैलियां और अन्य प्रकार की गंदगी बिखरी पड़ी है। केन्द्र सरकार हड़ताली कर्मचारियों की समस्या और मांगों का शीघ्रातिशीघ्र निवारण करे।